प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की नौंवी शासी परिषद की बैठक दिल्ली में शुरु, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं हुए शामिल।
2- राजभवन ने चौथी बार सरकार को लौटाया झारखंड वित्त विधेयक–2022, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संशोधन पर जतायी आपत्ति।
3- जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को आज पीएमएलए कोर्ट में पेश करेगा ईडी, जांच एजेंसी अदालत से मांगेगी रिमांड।
4- राज्य में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने रांची, बोकारो और सिमडेगा समेत राज्य के कई जिलों में 29 और 30 जुलाई को भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।
5- सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता में मणिपुर को हराकर झारखंड ने लगातार दर्ज की दूसरी जीत।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नयी दिल्ली में नीति आयोग की नौंवी शासी परिषद की बैठक हो रही है। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर विचार–विमर्श किया जा रहा है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं।

*********************

दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की नौंवी गवर्निंग काउंसिल की बैठक झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल नहीं हुए। पहले उनका कार्यक्रम बैठक में शामिल होने का था लेकिन ऐन वक्त पर उन्होंने बैठक में नहीं जाने का फैसला किया। हालांकि 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए श्री सोरेन ने इस बात का खंडन नहीं किया था कि वह नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

*********************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा से पारित वित्त विधेयक 2022 को लौटा दिया है। विधानसभा ने इस विधेयक में संशोधन किया था, जिसपर राज्यपाल ने आपत्ति जतायी है। कल मानसून सत्र की कार्यवाही शुरु होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन को इसकी जानकारी दी। यह विधेयक चौथी बार सरकार को लौटाया गया है। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने भी इस विधेयक को तीन बार लौटाया था। राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस विधेयक में संशोधन किये हैं, वह केन्द्रीय सूची का मामला है।

*********************

संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में राज्य में सियासत तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर इस मामले में राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि संताल परगना में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। सरकार को आदिवासियों को संरक्षित करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

इधर, घुसपैठ पर भाजपा के दावे पर राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की 112 कड़ी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर उपलब्धय रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

********************

राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की 9वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉक्टर कलाम ने भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें भारत का मिसाइल मैन भी कहा जाता है। वर्ष 2015 में आज ही के दिन डॉक्टर कलाम का निधन हो गया था।

********************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने जमीन घोटाला  से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में जमीन कारोबारी कमलेश सिंह को लंबी पूछताछ के बाद कल उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे आज पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जायेगा। आगे की जांच के लिए ईडी उसे रिमांड पर लेगी।

********************

दुमका के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह निगरानी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने जिले के रानेश्वर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोषी करार देते हुए चार साल की सजा सुनायी है। उन पर एक लाख बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला दस साल पहले का है। जांच प्रतिवेदन देने की एवज में 30 हजार रुपये रिश्वत लेते बीडीओ गिरफ्तार किये गये थे।

********************

देश में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को बोकारो के अधिवक्ताओं ने सबके हित में बताया है।

********************

आकाशवाणी रांची आज अपना 67 वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 1957 में पहली बार आकाशवाणी रांची से प्रसारण की शुरुआत हुई थी। स्थापना दिवस पर केन्द्र प्रमुख डीसी हेम्ब्रम, उपनिदेशक आनंद प्रकाश सिंह, सहायक निदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय और समाचार प्रमुख कृष्ण कुमार लाल ने श्रोताओं, सहकर्मियों और आकाशवाणी परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि आकाशवाणी रांची ने समाज के हर वर्ग तक अपनी पहुंच बनायी है। यह संस्था न केवल समाचार और मनोरंजन का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्रों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

********************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसका असर झारखंड के दक्षिणी इलाकों में होने का अनुमान लगाया गया है। मौसम केंद्र ने बताया है कि 29 और 30 जुलाई को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसका सबसे अधिक असर गुमला, रांची, बोकारो, सिमडेगा, खूंटी, सरायकेला–खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम तथा पश्चिमी सिंहभूम में हो सकता है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात का भी अनुमान है।

********************

गोड्डा जिले में कमजोर मानसून की वजह से खरीफ फसल की खेती बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। कृषि विभाग के मुताबिक जिले में अब तक मात्र 20 प्रतिशत ही धान रोपनी हो पाई है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर सुखाड़ जैसे हालात जिले में बन रहे हैं। जिले के अधिकारियों ने बताया कि  31 जुलाई के बाद परिस्थिति का आकलन कर किसानों को राहत देने की पहल की जायेगी।

********************

सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी में झारखंड महिला हॉकी टीम ने कल मणिपुर को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। हॉकी झारखंड की ओर से नीलिमा सुरीन और सुष्मिता गुड़िया ने एक–एक गोल किया।

******समाप्त*************